IIM में एग्जीक्यूटिव MBA प्रोग्राम

नागपुर. आईआईएम नागपुर में कामकाजी व्यक्तियों के लिए एमबीए प्रोग्राम करने का सुनहरा मौका है. वर्ष 2022-24 के लिए यह पाठ्यक्रम है. वरिष्ठ स्तर पर काम करने वाले एग्जीक्यूटिव इसके लिए 3 सितंबर तक आवेदन कर सकते हैं. ग्रेजुएशन में 50 फीसदी अंक लाने वाले प्रोग्राम के लिए पात्र होंगे. वीकेंड या वीक डे में शाम के समय कक्षाएं होंगी ताकि लोग काम के बाद कोर्स कर सकें. स्किल को बढ़ाने और उच्च पदों में काम करने के इच्छुक लोगों के लिए कोर्स काफी उपयोगी है. फिल्ड प्रोजेक्ट, उद्योग, इंटरनेशनल एक्सपोजर भी इस दौरान कराए जाते हैं.